प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

10.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

**शपथ ग्रहण समारोह**

नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने हैं। कल शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मोदी और नई मंत्री परिषद के 71 सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस समारोह में 30 कैबिनेट मंत्री, पांच स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री और 36 राज्य .मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। इनमें वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, डॉ. एस जयशंकर, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, निर्मला सीतारामण और जगत प्रकाश नड्डा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। केबिनेट में 7 महिला मंत्रियों सहित 33 नए चेहरे शामिल किए गए हैं।

शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत उनके तीसरे कार्यकाल में हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करना जारी रखेगा। मोदी ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद करेगा।

**नडडा**

केंद्र में बनी एनडीए सरकार में हिमाचल प्रदेश से संबंध रखने वाले जगत प्रकाश नडडा को दूसरी बार केबिनेट मंत्री का पद मिला है। नडडा मूल रूप से हिमाचल के बिलासपुर के रहने वाले हैं और वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।

नडडा के राष्ट्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने पर बीती रात बिलासपुर और शिमला में उनके समर्थकों ने धूमधाम से जश्न मनाया। इस अवसर पर आतिशबाजी की गई और मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नरेन्द्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि मोदी देश और प्रदेश के लोगों की आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे।

मुख्यमंत्री ने जगत प्रकाश नड्डा को भी केंद्रीय मंत्रिमण्डल में शपथ लेने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नड्डा प्रदेश की कठिन भौगोलिक स्थितियों से भली–भांति परिचित हैं और उन्होंने आशा व्यक्त की कि वह प्रदेश के लोगों की विकासात्मक मांगों को पूरा करने के लिए कार्य करेंगे।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी और पूर्व मंत्री नितिन गडकरी को पुनः कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी है। मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल से राजनीति सफर शुरू करने वाले जेपी नड्डा को दुसरी बार कैबिनेट मंत्री बनने पर बधाई दी है।

केहर सिंह खाची

शिमला जिला के ठियोग विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले कांग्रेस नेता केहर सिंह खाची को सरकार ने केबिनेट रैंक का दर्जा दिया है। इस संबंध में प्रधान सचिव वन डॉ. अमनदीप गर्ग की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। एक साल पहले खाची को वन विकास निगम का उपाध्यक्ष बनाया गया था।

मुख्यमंत्री मंडे मीटिंग

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज राज्य सचिवालय में मंत्रियों व विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। लगभग अढ़ाई महीने बाद मुख्यमंत्री की ये मंडे मीटिंग होने जा रही है जिसमें विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए जाते हैं। आचारसंहिता के समाप्त होने के बाद अब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू फिर से आम जनता की सहुलियत के लिए हर शुक्रवार को अपने सरकारी आवास में जनता दरबार का आयोजन भी करेंगे।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने केंद्र में एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **हिमाचल से जे पी नडडा को मंत्री पद, अनुराग को नहीं मिली जगह। दैनिक भास्कर** ने लिखा है **हिमाचल से जे पी नडडा बने मंत्री, अनुराग को संगठन में मिल सकती है जिम्मेदारी। दिव्य हिमाचल** के शब्द हैं **नडडा बनाए गए कैबिनेट मंत्री, पांचवी बार जीतकर दिल्ली गए अनुराग को जगह नहीं। दैनिक जागरण** का शीर्षक है **दूसरी बार केंद्रीय मंत्री बने नडडा, शिखर पर उम्मीदें।**

आपका फैसला ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है **हिमाचल सरकार ने खिलाड़ियों की डाइट मनी में की वृद्धि। पंजाब केसरी** के शब्द हैं **अगले वर्ष जून तक पूरा होगा बनखंडी वन्य प्राणी उद्यान का पहला चरण।**

मौसम की खबर को **अमर उजाला** ने शीर्षक दिया है **हिमाचल में 15 जून तक मौसम साफ, 12 और 13 को लू चलने का अलर्ट। दैनिक भास्कर** ने लिखा है **किन्नौर व चंबा में बूंदाबांदी से न्यूनतम पारा 2 डिग्री गिरा, 12 और 13 जून को हीटवेव का अलर्ट। हिमाचल दस्तक** का कहना है प्रदेश में फिर आग उगलेंगी सूरज की किरणें। **पंजाब केसरी** के शब्द हैं **अगले 6 दिन साफ व शुष्क रहेगा मौसम, 12 से चलेगी लू।**

**दिव्य हिमाचल** के अनुसार **इस साल 28 जुलाई से शुरू होगा अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला।**

**सिराज में खाई में गिरी कार 2 लोगों की मौत, चार जख्मी हिमाचल दस्तक** की एक खबर है।